प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज देवीपाटन मंडल का किया दौरा : गोण्डा में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत एक हजार 423 उद्यमियों को वितरित किये 55 करोड़ रुपये के ऋण।
2. मुख्यमंत्री ने बलरामपुर में चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारियों की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश : बहराइच में तहसील मिहींपुरवा के मुख्य भवन का किया उद्‌घाटन।
3. कानपुर के गंगा रेलवे पुल की मरम्मत का काम आज से हुआ शुरू : करीब 10 रेलगाड़ियां निरस्त, कई ट्रेनों का संचालन हुआ प्रभावित। और
4. विश्व गौरैया दिवस पर आज प्रदेशभर में आयोजित किये गये कार्यक्रम : विलुप्त हो रही गौरैया के संरक्षण के लिये लोगों को किया जा रहा है जागरूक।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बहराइच, गोण्डा और बलरामपुर के दौरे पर थे। मुख्यमंत्री ने बहराइच में तहसील मिहींपुरवा के मुख्य भवन के साथ ही आवासीय भवनों का उद्‌घाटन किया। तहसील का मुख्य और आवासीय भवन लगभग आठ सौ 45 लाख रुपये की लागत से दो हजार 138 वर्ग मीटर में निर्मित किया गया है। कार्यक्रम को

संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब भाजपा की प्रदेश में सरकार बनी थी, तब राजस्व के 33 लाख से ज्यादा मामले लम्बित थे। सरकार ने समय सीमा तय कर सभी मामलों का निस्तारण किया है। उन्होंने कहा कि एनटी भूमाफिया टॉस्क फोर्स के माध्यम से राज्य की 64 हजार एकड़ जमीन को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराया गया। बाइट.....

*हम लोगों ने 33 लाख मामलों का निस्तारण करके गरीब को न्याय दिलाने का काम किया है और उसके साथ सरकार खड़ी थी। सरकार की कार्यवाही का परिणाम है कि भूमाफिया टास्क फोर्स के माध्यम से 64 हजार एकड़ लैंड को अवैध कब्जे से मुक्त कराने काम भी किया है।*

उधर, गोण्डा जनपद में मुख्यमंत्री ने सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत देवीपाटन मंडल के एक हजार 423 उद्यमियों को 55 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किये और एक जनपद–एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत शिल्कारों को टूल किट का वितरण किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश के युवाओं का स्वावलम्बन है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति स्वालम्बी हो जायेगी, तो उत्तर प्रदेश को स्वावलम्बी होने से कोई नहीं रोक सकता। बाइट......

*हमारा लक्ष्य प्रदेश के युवा के स्वावलम्बन का होना है ये युवाशक्ति एकबार स्वावलम्बी हो जायेगी तो उत्तर प्रदेश को स्वावलम्बी होने में कोई रोक नहीं सकता है और इसी भाव के साथ जब इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया, उसका पोर्टल तैयार होने में स्कीम को लॉच करने में समय लगा। 24 जनवरी को जब हमने महामहिक उपराष्ट्रपति जी के कर कमलों से*

*इस स्कीम को आगे बढ़ाने का काम किया था। बैंकर्स के साथ हम लोगों ने बैठक की और मुझे अच्छा लगा कि उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि जहां हमें एक लाख लोगों को 31 मार्च तक इस व्यवस्था के साथ जोड़ना था। अब तक इसमें रजिस्ट्रेशन 3 लाख से अधिक युवाओं ने कर लिया है।*

बहराइच और गोण्डा जनपद के दौरे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलरामपुर में देवी पाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ जिले में चल रही विकासकार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 30 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि पर्व पर यहां एक माह तक चलने वाले मेले की यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को लकर समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिये कि केजीएमयू, एसजीपीजीआई और डॉक्टर राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान से सभी मेडिकल कॉलेजों को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन के माध्यम से प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज के मरीजों को इन चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञ डॉक्टरों से उपचार की सुविधा दिलायी जाए। वहीं, मुख्यमंत्री ने लू से बचाव की तैयारियों की भी कल समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लू की वजह से एक भी जनहानि नहीं होनी चाहिए।

——————————

कानपुर में गंगा नदी पर बने रेलवे पुल की मरम्मत के चलते लखनऊ–कानपुर रेलमार्ग पर 20 मार्च से 30 अप्रैल तक 74 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एस.एम. शर्मा ने बताया कि करीब 10 रेलगाड़ियों को निरस्त किया गया है। वहीं अन्य ट्रेनों को रूट डायवर्ट करके चलाया जा रहा है। बाइट.......

*करीब 10–10.5 मेल एक्सप्रेस रेल गाड़ियां पर ड़े कैंसिल भी हैं, बाकी इसमें प्रयास किये गए हैं कि या तो हम डायवर्ट करें जिससे एक डेढ़ घंटे का नुकसान होगा, पर वह डायवर्ट होकर फिर भी आगे अपना रूट पकड़ लेगी या हमने कुछ शार्ट टर्मिनेट करने की कोशिश कीहै गाड़ियों को खासकर जो पैसेंजर्स ट्रेन है शार्ट टर्मिनेट करे ताकि आम जनता को परेशानी न हो और 2 से 3 दिन हम लोग काम करलें तो अगर हमको लगता है कि कुछ औरगाड़ियां है जो हम चला सकते है या हम इसकी समय अवधि कम कर सकते है तो क्योकि हम भी नही चाहते है कि किसी भी पैसेंजर को किसी भी प्रकार की इनकनवियंस हो*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

प्रदेश सरकार के पर्यावरण निदेशालय ने अन्तरराष्ट्रीय संस्था आई फॉरेस्ट के साथ आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में सतत विकास को बढ़ावा देना और प्रदूषण की समस्या का निवारण करना है। वन व पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए नई तकनीकों और समाधानों का अन्वेषण किया जाएगा।

—————————

आज विश्व गौरैया दिवस है। इस अवसर पर विलुप्त हो रही गौरैया को बचाने के लिये विभिन्न जनपदों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। एक रिपोर्ट.....

*विश्व गौरैया दिवस पर आज वाराणसी के नमामि गंगे के सदस्यों ने इटली से आये विदेशी पर्यटकों और स्थानीय लोगों के साथ गौरैया के संरक्षण के लिये जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों से गर्मियों में पक्षियों के लिये दाना–पानी रखने लॉन और बगीचों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव न करने की अपील की गई। इटावा में बसरेहर विकासखंड के खरदूली गांव के उच्च माध्यमिक विद्यालय में सहायक शिक्षिका के पद पर तैनात सुनीता यादव ने तो अपने तीन मंजिला घर को ही गौरैया हाउस में तब्दील कर दिया है और वे लोगों को गौरैया के संरक्षण के लिये लगातार जागरूक करती रहती है। सुनीता को उनकी पुस्तक फिर लौट आई के लिये सर्वश्रेष्ठ लेखिका के रूप में सम्मानित भी किया जा चुका है। उधर लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में गाजीपुर के प्रख्यात पर्यावरणविद कृष्ण राय के नेतृत्व में पक्षियों के लिये दाना–पानी की व्यवस्था की गई। श्री राय 40 वर्षों*

*से साइकिल पर चलकर लोगों को अपने गीत के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। हर वर्ष 20 मार्च को मनाया जाने वाला यह दिन पहली बार वर्ष 2010 में विश्व के विभिन्न हिस्सों में मनाया गया था। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

———————

गोरखपुर में धर्म और आध्यात्म पर आधारित तीन दिवसीय अतंर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव आज से शुरू हो गया है। गोरखपुर के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित इस फिल्मोत्सव में सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता–निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धर्म और आध्यात्म से संबंधित फिल्मों के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ा है। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह आयोजन उन फिल्मों को प्रदर्शित करने का बेहतर मंच बनेगा जो धर्म, संस्कृति और आस्था को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करती है।

———————

कानपुर नगर में आज हर्षोल्लास के साथ ऐतिहासिक हटिया की होली खेली गयी। कानपुर की इस विशेष ऐतिहासिक होली का इतिहास ब्रिटिश शासन के समय का है जब स्वतंत्रता आंदोलन चरम पर था। एक रिपोर्ट.....

*वर्ष 1942 में ब्रिटिश सरकार ने कानपुर में होली खेलने पर पाबंदी लगा दी थी  उस दौरान होली खेलते हुए 47 क्रांतिकारियों को गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया गया था। इसके विरोध में कानपुर के लोग एकजुट हुए और 5 दिनों तक होली का रंग लगाकर हटिया में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में लोगो के प्रदर्शन के बाद ब्रिटिश सरकार को क्रांतिकारियों को रिहा करना*

*पड़ा। जिसके बाद राष्ट्रगान गाकर लोगो ने हटिया रज्जन बाबू मैदान से रंगो से भर भैसा ठेला निकाला और बड़े हर्षोउल्लास से होली खेली। उसी परंपरा को आज भी निभाते हुए अनुराधा नक्षत्र पर ऐतिहासिक हटिया की होली खेली गई। राजेश श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, कानपुर नगर।*

——————————

**प्रयागराज, कौशाम्बी और जौनपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जनपदों में आज सुबह से रूक–रूक कर बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने कल 21 मार्च के लिये प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में गरज–चमक के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।**

(समाप्त)